हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 अगस्त 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 बाबा महाकाल की शाही सवारी ....



11 बिलाईगढ़ में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ





## खबर संक्षेप

### जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**सुहेला।** क्षेत्र की जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर सुहेला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 25 अगस्त को तिगड्डा चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सुमित्रा धृतलहरे, भानु प्रताप वर्मा, भुनेश्वर वर्मा ,गजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर सहित लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं भारी वाहन भी फंसने से यातायात प्रभावित होता है। पूर्व में की गई मरम्मत भी गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण सड़क की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से सड़क की तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को धरना प्रदर्शन की पूर्व सूचना भी दी गई है।

### विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन आज

**बलौदाबाजार।** जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को किया जाता है। इस सप्ताह के बुधवार को ईद-ए-मिलाद का सामान्य अवकाश होने के कारण विशेष मेडिकल बोर्ड का आयोजन 25 अगस्त मंगलवार को किया जाएगा। इस विशेष जिला मेडिकल बोर्ड के आयोजन से शासकीय सेवा में चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगजनो का दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें एवं उन्हे असुविधा का सामना न करना पडे। अगले सप्ताह जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन सप्ताह के प्रत्येक बुधवार से यथावत आयोजित किया जाएगा।

### जिले में अब तक 870.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार ।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 24 अगस्त तक 870.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1107 मिमी, बलौदाबाजार में 965.5 मिमी, पलारी में 915.5 मिमी, लवन में 855 मिमी, सुहेला 832.6 मिमी, सिमगा में 821 मिमी, कसडोल 802.6 मिमी, भाटापारा में 800.9 मिमी एवं सोनाखान 733 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 7833.1 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 870.3 मिमी है।

### पीएमश्री स्कूल के 4 खिलाड़ियों का राज्य पर चयन



**खरोरा।** धमतरी में 20 से 23 अगस्त तक आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय कुश्ती एवं टेबल टेनिस क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएम श्री भरत देवांगन हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्योंम विद्यालय के चार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मानसी नेताम कक्षा 9वीं, तरुण साहू कक्षा 10वीं एवं सलमान अली कक्षा 11वीं का चयन हुआ था। इनमें सलमान अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर प्रदेश एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया।
वहीं, राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में होसिल चौहान ने भी सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि इस बार वे राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित नहीं हो सके, फिर भी उनके जुझारू प्रदर्शन की सभी ने प्रशंसा की।विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की ▸▸ शेष पेज 11 पर

# रिमझिम फुहार के बीच डिजिटल क्रॉप सर्वे करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

वर्तमान खरीफ सीजन में किसानों द्वारा लागए गए फसल व रकबे की शुद्धता हेतु जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा सोमवार को तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पनगांव के एक किसान के खेत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रिमझिम बारिश के बीच डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और स्वयं मोबाइल से क्रॉप सर्वे का सत्यापन किया।

इस दौरान उन्होंने भूमिस्वामी किसान सनोज सिंह से खसरा नंबर 1369/48 जमीन मे लगे फसल और गिरदावरी के सम्बन्ध में पूछताछ की। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने राज्य शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसल पर आदान सहायता राशि की भी जानकारी दी। उन्होंने पटवारी से गांव में कुल खसरे एवं अब तक की गई सत्यापन की जानकारी ली। धीमे प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तय समय पर सभी खसरो का सत्यापन पूर्ण कराने एवं शुद्धता पूर्वक गिरदावरी कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर शर्मा ने सर्वेयर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी खसरों का शुद्धतापूर्ण सर्वे किया जाए और बीच में कोई खसरा न छूटे।

## त्रुटिरहित व पारदर्शितापूर्ण सर्वे तय समय पर पूरा करने दिए निर्देश



### फर्जी सर्वेयरों पर लगेगी रोक

बताया गया क्रि इस बार डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु आंकड़ों को सटीकता और विश्वनीयता बनाए रखने हेतु एआई का प्रयोग किया गया है जिसमें सर्वेयरों के फेस आधारित ई- केवायसी कार्य किया जाना ताकि फर्जी सर्वेयरों को रोका जा सके। एंगल बेस्ड कवरेज सिस्टम विकसित किया गया है ताकि गलत प्लॉट में सर्वे न किया जा सके। सर्वे के दौरान प्लॉट का धुँधला फोटो या अस्पष्ट फोटो ऐप द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकेगा ताकि पटवारी को अनुमोदन के समय फसल की स्पष्ट फोटो अवलोकन के लिए प्रदर्शित हो। यदि संभव हो तो सर्वेयर द्वारा संबंधित कृषक की फोटो भी लेने के निर्देश प्रशिक्षण में दिये गये है ताकि कृषक सर्वे कार्य के प्रति जागरूक हो तथा अपने खेत की गिरदावरी कार्य से संतुष्ट हो। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोंड्रे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आबादी क्षेत्र के करीब पहुंचा झुंड, ग्रामीणों को जंगल में न जाने की सलाह

# वनांचल में हाथियों ने दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

बलौदाबाजार जिले के कसडोल अंचल के बार नवापारा क्षेत्र में हाथियों के झुंड की लगातार मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के गांवों में हाई अलर्ट जारी किया है। वन विभाग के अनुसार हाथियों का झुंड रात में कोठारी-तालदादर आबादी क्षेत्र के आसपास देखा गया। झुंड में शामिल दो दंतैल हाथी खेतों के रास्ते से होते हुए वन कक्ष क्रमांक 220 और 219 की ओर चले गए हैं।

**लोगों में अफवाह न फैलाने की अपील:** हाथियों को देखने या उनके करीब जाने का प्रयास न करें। जंगल में बिल्कुल न जाएं और हाथी दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी वन कर्मचारी अथवा हाथी मित्र दल/वन मंडल बलौदा बाजार को सूचना दें। लोगों से हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने की अपील की गई है।

### इन गांवों में विशेष सतर्कता

वन विभाग ने वनांचल क्षेत्र के ग्राम कोठारी, तालदादर, नवागांव, अचानकपुर, चन्हाट, तेंदुचुवा, धमलपुरा, कोसमसर, हरदी, रामपुर, जोगीडीपा, कंजिया, बिटकुली, मिर्गिदा, पठियापाली, गुड़ागढ़, फुरफुंदी, झालपानी, खुड़मुड़ी, पकरीदबार, भिभोरी, नवाडीह, सुरबाय, अल्दा, सैहाभाटा, दोंद, पाड़ादाहा और मुड़पार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है।



### घने जंगलों में नहीं जाने की सलाह

वन विभाग ने ग्रामीणों से सुबह और शाम के समय घने जंगलों में नहीं जाने की अपील की है। खासकर फुटू, करील, लकड़ी या अन्य वन उपज लेने के लिए जंगल जाने से बचने की सलाह दी गई है।

### देवगढ़ घाट के जंगल में हाथियों की मौजूदगी

वन अधिकारियों की टीम ने इलाके में पहुंच कर हाथियों के ताजा पगचिह्न, खाए हुए बांस के पत्ते और ताजा टूटी टहनियां मिलने की पुष्टि हुई है। साथ ही हाथियों के चिंघाड़ने की आवाज भी सुनाई दी है। वर्तमान में हाथियों की मौजूदगी देवगढ़ घाट के आसपास के वन क्षेत्र, कक्ष क्रमांक 219-220 में बताई जा रही है। वन विभाग ने आशंका जताई है कि हाथियों का झुंड कक्ष क्रमांक 217, 252, 253, 286, 285, 219, 220, 221, 173, 116, 225 और 169 की ओर भी मूवमेंट कर सकता है।

## पुरानी रंजिश में चाय दुकान पर चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



■ पुलिस ने हथियार और स्कूटी जब्त किए

पुरानी रंजिश को लेकर चाय दुकान में विवाद के दौरान चाकू से हमला करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू और स्कूटी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, पुरानी बस्ती क्षेत्र में प्रार्थी और आरोपी राजीव वर्मा उर्फ बड्डे के बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हुआ। बातचीत नहीं करने की बात से नाराज आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने अपनी स्कूटी की डिक्की से धारदार चाकू निकाला और प्रार्थी पर हमला कर दिया। चाकू के वार से प्रार्थी के बाएं हाथ में कोहनी के पास चोट आई।

घटना की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। आरोपी की तलाश कर उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। उसके मेमोरेंडम कथन पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू और स्कूटी सीजी 04 एसयू 2423 जब्त की। पुलिस ने आरोपी राजीव वर्मा उर्फ बड्डे 19 वर्ष पिता कमल नारायण वर्मा, निवासी नयापारा दुर्गा चौक, बलौदाबाजार को 24 अगस्त को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा ▸▸ शेष पेज 11 पर

## 102 पौवा शराब जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिले में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर के अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 102 पौवा देशी मसाला शराब, करीब 18.360 बल्क लीटर जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 10,200 रुपए बताई गई है। वहीं महिला आरोपी के कब्जे से शराब परिवहन में प्रयुक्त करीब 30 हजार रुपए कीमत की स्कूटी भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष चेकिंग और रेड अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अगस्त की तड़के मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर के विभिन्न ▸▸ शेष पेज 11 पर

### शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जब्त

इसी तरह भैंसापसरा में पुलिस ने सोनम भारती 33 को अवैध शराब बिक्री करते पकड़ा। उसके कब्जे से रोमियो ब्रांड की 33 पौवा शराब कुल 5.940 बल्क लीटर कीमत 3,300 रुपए तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस वेगो स्कूटी क्रमांक सीजी 04 केएफ 1510 कीमत 30 हजार रुपए जब्त की गई।पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत पृथक-पृथक अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की गई। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब और नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

■ आग की लपटें दुकान की पहली मंजिल से दूसरी और गोदाम तक पहुंच गईं

नगर स्थित एक कपड़ा दुकान में बीते दिनों अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। मेन रोड कन्हैया लाल शर्मा चौक स्थित महामाया वस्त्रालय में लगी आग कुछ ही देर में तेजी से फैल गई और दुकान की पहली मंजिल के साथ ऊपर बने गोदाम तक पहुंच गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में कपड़े का स्टॉक रखा हुआ था, जो आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गया। घटना के बाद कपड़ा कारोबारी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। ▸▸ शेष पेज 11 पर



### गोदाम में रखा कपड़ा जलकर हुआ खाक

आग इतनी भीषण थी कि दुकान के ऊपर बने गोदाम में रखा कपड़ों का बड़ा स्टॉक पूरी तरह इसकी चपेट में आ गया। काफी मात्रा में कपड़ा जलकर राख हो गया। प्रारंभिक तौर पर कारोबारी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक नुकसान कितना हुआ है, इसका आकलन दुकान और गोदाम में जले सामान की जांच के बाद ही सामने आएगा।

### दमकल टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद बुझाई आग

सूचना मिलते ही नगर सेना की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दमकल की कई गाड़ियों की मदद से अलग-अलग हिस्सों में लगी आग पर पानी की बौछार की गई। टीम ने पहले दुकान की पहली मंजिल पर लगी आग को नियंत्रित किया, इसके बाद दूसरी मंजिल और गोदाम में पहुंची आग को बुझाने के लिए लगातार प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया और आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक दिया।

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाले संतोष यादव सम्मानित

**बलौदाबाजार।** गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले नागरिक संतोष यादव को पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सम्मानित किया। जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में पुलिस अधीक्षक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके दायित्वबोध और सतर्कता की सराहना की।सिविल लाइन



बलौदाबाजार निवासी संतोष यादव बस सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत हैं। वे बसों की टाइमिंग, आवागमन तथा बस स्टैंड ▸▸ शेष पेज 11 पर

## नाबालिग का पीछा कर इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ सिटी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को दबोचा, मोबाइल जब्त

नाबालिग का पीछा कर उसे परेशान करने और बदनाम करने की नीयत से उसकी फोटो इंस्टाग्राम पर



पोस्ट करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार नाबालिग पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी गजेंद्र डांडे उसके आने ▸▸ शेष पेज 11 पर

## ग्रामीणों ने कलेक्टर व वनमंडलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# वन्यप्राणी क्षति मुआवजा बढ़ाने ग्रामीणों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

वन परिक्षेत्र कोठारी क्षेत्र के ग्राम कोठारी एवं तालदादर के ग्रामीणों ने दो अलग-अलग मामलों को लेकर कलेक्टर एवं वनमंडलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एक ज्ञापन में हाथी एवं जंगली सुअर जैसे वन्यप्राणियों द्वारा फसल, मकान और जनहानि होने पर मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि की मांग की गई है। वहीं दूसरे ज्ञापन में वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी पर पिछले आठ वर्षों से कथित अनियमितता, भाई-भतीजावाद, वित्तीय गड़बड़ी और स्थानांतरण नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाते हुए जांच एवं स्थानांतरण की मांग की गई है।



### वन अधिकारी पर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

दूसरे ज्ञापन में ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवनलाल साहू की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले करीब आठ वर्षों से अधिकारी की कथित मनमानी और प्रशासनिक अनियमितताओं से परेशान हैं। ग्रामीणों ने दावा किया कि इस संबंध में पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के बजाय कथित तौर पर बाहरी लोगों तथा अधिकारी के सगे-संबंधियों एवं भतीजों को संविदा पदों पर नियुक्ति दी गई। साथ ही शासकीय आवास के उपयोग को लेकर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।ज्ञापन में ग्रामीणों ने गांव की सड़क मरम्मत, सफाई एवं तालाब गहरीकरण जैसे कार्यों की मांग को लेकर भी वन परिक्षेत्र अधिकारी पर उदासीनता का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वन संरक्षण, दावानल नियंत्रण और जंगल की सुरक्षा में स्थानीय ग्रामीण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन रोजगार और विकास कार्यों में उन्हें अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही है।

**जांच और स्थानांतरण की मांग:** ग्रामीणों ने दोनों मामलों में प्रशासन से गंभीरता से संज्ञान लेने की मांग की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा जांच पूरी होने तक आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी जीवनलाल साहू का स्थानांतरण किए जाने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की है।

### मुआवजा बढ़ाने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि कोठारी क्षेत्र के किसान मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं। क्षेत्र में हाथियों के दल और जंगली सुअरों के कारण किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। वन्यप्राणी खेतों में खड़ी फसलों को रौंदने और खाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में एक हेक्टेयर धान की फसल तैयार करने में जुताई, बीज, खाद, कीटनाशक और मजदूरी सहित करीब 40 से 50 हजार रुपये की लागत आती है। इसके बावजूद हाथी से फसल नुकसान होने पर करीब 23,500 रुपये तथा जंगली सुअर से नुकसान होने पर 12,500 रुपये प्रति हेक्टेयर क्षतिपूर्ति मिलने की बात ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान कृषि लागत और महंगाई को देखते हुए यह क्षतिपूर्ति राशि पर्याप्त नहीं है। उन्होंने फसल के साथ-साथ मकान क्षति और जनहानि के मामलों में भी मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में जनहानि होने पर वर्तमान में दी जाने वाली 6 लाख रुपये की सहायता राशि को भी बढ़ाने की मांग की गई है।

## धोबी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिए गए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

प्रदेश धोबी समाज की आवश्यक बैठक 23 अगस्त को रतनपुर परिक्षेत्र के अंतर्गत एनटीपीसी सीपत नवाडीह में हुई। कोर कमेटी की बैठक में एक समाज एक संगठन, एक प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव करने, मतदाता सूची जारी करने, प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की तिथि, भवन का चयन, चुनाव में खर्च सहित अन्य कई प्रमुख एजेंडा पर चर्चा की गई। वहीं अगली बैठक बलौदाबाजार जिला में करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर ने एजेंडा की जानकारी दी और कार्यक्रम का सफल संचालन सरगुजा संभागीय अध्यक्ष राकेश कुमार रजक ने किया। बैठक में पुरुषोत्तम रजक, पन्नालाल रजक, भरत निर्मलकर, कमलेश रजक, अश्वनी रजक, भागीराम ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### मां कर्मा मंदिर स्थापना दिवस पर पूजा-अर्चना और पौधारोपण हुआ

**खरोरा।** ग्राम मुड़पार में श्रावण माह के चौथे सोमवार को साहू भवन स्थित मां कर्मा मंदिर के स्थापना दिवस पर पूजा-अर्चना और पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। आयोजन ग्राम मुड़पार साहू समाज की संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसका उद्देश्य सामाजिक एकता, समरसता एवं सद्भावना का संदेश देना रहा। मंदिर परिसर में फूल एवं विभिन्न पौधों का रोपण भी किया गया। समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में ग्राम इकाई साहू समाज अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, उपाध्यक्ष सुंदर लाल साहू, सचिव दुखहरण साहू, कोषाध्यक्ष दाऊ लाल साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरी साहू, सहसचिव महिला प्रकोष्ठ हेमिन साहू सहित वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक लेतेलु राम साहू, रामनाथ साहू, तिहारु राम साहू, बाबूलाल साहू, लेखचंद साहू, भोजराम साहू तथा समाज के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साहू समाज की ओर से समस्त प्रदेशवासियों एवं सामाजिक बंधुओं को रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं तीज पर्व की बधाई दी।

### ज्यादा कमीशन देने का लालच, दो पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ओडिशा के दो लोगों द्वारा ज्यादा कमीशन का लालच देकर बैंक अकाउंट खुलवा कर पासबुक, चेकबुक और एटीएम को अपने पास रख लिए जाने के मामले में पीड़ित खाता फ्रीज किए जाने के लिए बसना थाने में आवेदन दिया है। बसना पुलिस को ग्राम मनकी के राजकुमार तांडी ने बताया कि उसके साढू भाई हेमलाल चौहान निवासी सांकरा ने उसे बताया था कि ओडिसा से किसी कंपनी के दो व्यक्ति बैंक खाता खुलवाने पर 1,500 से 20,000 रुपए तक कमीशन दिए जाने बात कह रहे हैं। संपर्क करने पर उक्त लोगों ने अपना-अपना नाम सुनील दुर्गा एवं थिमोथी छतरिया निवासी होना बताया। इसके बाद प्रार्थी ने उक्त लोगों से संपर्क कर अपने आवश्यक दस्तावेज तक जिला सहकारी बैंक शाखा सरायपाली में 11 अगस्त को खाता खुलवाया। इसके पश्चात उक्त दोनों व्यक्तियों ने कंपनी से वेरिफाई करना है, कहकर सका बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक व उसके नाम से घटना दिनांक को खरीदी किए गये एयरटेल कंपनी के सिम कार्ड को लेकर चले गए।

### पुरी से लौटे बेमेतरा माहेश्वरी समाज के 200 श्रद्धालुओं का महासमुंद में हुआ स्वागत

**महासमुंद।** भगवान जगन्नाथ की यात्रा से पुरी से लौट रहे बेमेतरा के माहेश्वरी समाज के करीब 200 श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन पर माहेश्वरी अतिथि स्वागत समिति द्वारा बाजा-गाजा और फूलमालाओं के साथ भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। पश्चात सभी माहेश्वरी बंधुओं के विश्राम एवं जलपान की व्यवस्था एक मैरिज पैलेस में की गई। महासमुंद माहेश्वरी समाज द्वारा किए गए आत्मीय सत्कार से बेमेतरा समाज के श्रद्धालु अभिभूत नजर आए।



**सावन सोमवार : हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा पलारी**

# सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। देखते ही देखते मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से भर गया और चारों ओर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे।

सावन का अंतिम सोमवार शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी आस्था के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में पूजा की थाली, बेलपत्र, पुष्प, दूध एवं जल लेकर सिद्धेश्वर महादेव के दरबार में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान



शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित किया और अपने परिवार, समाज तथा क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

मंदिर में सुबह से ही धार्मिक वातावरण बना रहा। घंटियों की मधुर ध्वनि, मंत्रोच्चार और शिवभक्तों के जयकारों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की, वहीं बड़ी संख्या में युवाओं और बुजुर्गों ने भी भगवान सिद्धेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कई श्रद्धालु दूर-दराज के गांवों से भी विशेष रूप से मंदिर पहुंचे।

सावन के अंतिम सोमवार को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भगवान शिव के दर्शन के लिए कतार में खड़े भक्तों के चेहरों पर आस्था और विश्वास साफ नजर आया। किसी ने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की तो किसी ने अपने मनोकामना पूर्ति की कामना के साथ भगवान भोलेनाथ के चरणों में शीश नवाया।

नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा, सावन के अंतिम सोमवार को सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का यह जनसैलाब पलारी की धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति की खूबसूरत तस्वीर है।

भगवान सिद्धेश्वर महादेव के दरबार में आने वाला प्रत्येक भक्त अपने साथ विश्वास लेकर आता है और यहां से सकारात्मक ऊर्जा एवं आशीर्वाद लेकर लौटता है। भगवान भोलेनाथ से मेरी प्रार्थना है कि पलारी सहित पूरे क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारा बना रहे तथा हर परिवार पर महादेव की कृपा सदैव बनी रहे।

## सिद्धेश्वर धाम मंदिर दर्शन के लिए नंगे पाव पहुंचे

**हिरमी रावन।** सावन के अंतिम सोमवार को जारा सिद्धेश्वर धाम मंदिर दर्शन के लिए शिव



भक्त नवनिर्माण की ऊपरी गिट्टी पर नंगे पर दौड़ते नजर आये। वहीं हिरमी, मोहरा, भालेसूर, बरडीह, भालूकोना, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक, पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। जगह-जगह प्रसाद एवं खीर-पूरी का वितरण भी किया गया। मोहरा के तालाब किनारे स्थित श्री श्री दानेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। वहीं भालूकोना स्थित चितावर धाम में भी भक्तों को खीर प्रसाद बांटा गया। मंदिरों में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।इधर, संडी-जारा-मोहरा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के चलते जगह-जगह गिट्टी बिछाई गई है। इसके बावजूद भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति कम नहीं हुई। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव के दर्शन की इच्छा के आगे रास्ते की परेशानी भी छोटी है। जारा के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर सहित पूरे अंचल में देर शाम तक भक्तों की आवाजाही बनी रही और क्षेत्र शिवमय नजर आया।

## सावन के समापन पर निकाली कांवड़ यात्रा

**बिलाईगढ़।** सावन के पावन माह के चौथे सोमवार पर बिलाईगढ़ अंचल पूरी तरह शिव भक्ति के रंग में



सराबोर नजर आया। इस पावन अवसर पर मां समलाई मंदिर परिसर से एक विशाल एवं भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने अपार उत्साह के साथ भाग लिया।कांवड़ यात्रा मां समलाई मंदिर से प्रारंभ होकर टिकरीपारा तालाब पहुंची। वहां श्रद्धालुओं ने पूर्ण विधि-विधान से पवित्र जल भरा और नगर भ्रमण के लिए आगे बढ़े। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भोलेनाथ के मधुर भजनों पर महिलाएं और बच्चे खूब झूमते-थिरकते नजर आए। पूरे मार्ग में बोल बम, हर-हर महादेव और जय बाबा भोलेनाथ के जयकारों से माहौल गुंजायमान रहा।नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कांवड़ यात्रा पुनः मां समलाई मंदिर परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। वहां कांवड़ियों ने टिकरीपारा तालाब से लाए जल से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया और क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कांवड़ यात्रा के मुख्य आयोजनकर्ता भूपेंद्र पन्ना सोनी एवं उनके परिवार का विशेष योगदान रहा। शिव भक्तों की सेवा के लिए पूरे नगर में प्रसाद और भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई थी। शिव भक्तों और आम जनता को खीर-पूरी का महाप्रसाद वितरित किया गया। पूजा-अर्चना, सेवा भाव और प्रसाद के इस पूरे आयोजन से बिलाईगढ़ का कोना-कोना सावन के इस चौथे सोमवार को भक्तिमय लहर में डूबा रहा।

## सशिमं के छात्रों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**खरोरा।** सावन के अंतिम सोमवार पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों



श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा निकाली। इस दौरान बच्चों ने नगर के शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। विद्यालय की कक्षा अरुण से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने दीदी डड़सेना के मार्गदर्शन में कांवड़ यात्रा में सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने भगवान शिव के जयकारों के साथ यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों ने शिवलिंग पर पवित्र जल अर्पित कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस धार्मिक आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्धेश्य विद्यार्थियों को भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं तथा संस्कारों से परिचित कराना था। बच्चों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और भक्तिभाव के साथ कांवड़ यात्रा में भाग लिया।

## नपा नेता प्रतिपक्ष सचिन ने कांवरियों का किया स्वागत



**सिमगा।** सावन मास के अंतिम सोमवार को सिमगा ब्लॉक के ग्राम नवागांव से सोमनाथ धाम स्थित भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन हेतु कावर यात्रा में शामिल सैंकड़ों शिवभक्त कांवरियों द्वारा डीजे के धार्मिक गीतों पर नाचते गाते कांवरियों के द्वारा हर-हर महादेव के जयघोषों करते हुए सिमगा पहुंचे। जहां नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष सचिन जैन ने पार्टी पदाधिकारियों व अपने साथियों जिनमें नीरज शर्मा माया सलूजा योगेश ताम्रकार रमेश देवांगन के साथ कांवर यात्रा में शामिल शिवभक्तों को तिलक लगाकर, उनका अभिनंदन किया और उनके लिए जलपान, फलाहार की व्यवस्था भी की। इस मौके पर सचिन जैन ने कहा कि कांवरियों की सेवा का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## बाबा महाकाल की शाही सवारी ....



**भाटापारा।** श्रावण मास पर श्री महाकाल मंदिर समिति द्वारा बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध बघेरा दुर्ग झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसे देखने लोगों की भारी भीड सड़क पर उमड़ पड़ी। बाबा भोलेनाथ की शाही पालिका सवारी का लोगों ने दर्शन लाभ लिया। शाम को बाबा की पालकी यात्रा महाकाल मंदिर से निकालीश जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण किया। ढोल बाजे के साथ भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई। इस दौरान बघेरा दुर्ग से आयी झांकी के कलाकार कई स्थानों पर अपनी सुन्दर प्रस्तुत दी।

## सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खरोरा।** भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन श्रावण मास का आज अंतिम सोमवार है। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, जल, दूध, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक



वातावरण और भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेवअभिषेक

भवानीपुर। सावन माह के अंतिम सोमवार को भवानीपुर अंचल सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने घर-परिवार, गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजते रहे। वहीं बच्चों में भी धार्मिक उत्साह देखने को मिला।



भवानीपुर बाजार चौक स्थित शिव मंदिर में इस अवसर पर महिला समितियों द्वारा मंदिर परिसर एवं तालाब किनारे साफ-सफाई अभियान चलाया गया। महिलाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए मंदिर परिसर को साफ-सुथरा बनाया। शिव मंदिर में पंडित रघुवर दास वैष्णव द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। सावन सोमवार के अवसर पर गांव से विभिन्न स्थानों के लिए कांवड़ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं के वापस लौटने पर उनका गांव में धूमधाम से स्वागत किया गया। कांवड़ियों ने भी गांव के विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचकर जल अर्पित किया और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इसके बाद कांवड़ियों ने भोलेनाथ के जयघोष के साथ गांव की गलियों में भ्रमण किया, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बन गया। शाम के समय मंदिर परिसर में भक्ति गीतों का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और देर शाम तक भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं एवं उपस्थित लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया। सावन के अंतिम सोमवार पर पूरे भवानीपुर अंचल में आस्था, भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिला।

## शिवभक्तों ने किया पंचमुखी महादेव का अभिषेक

**भटगांव।** चौथे और अंतिम सोमवार पर नगर के पंचमुखी महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा। जहां इस अंतिम सोमवार पर शिवभक्तों ने महानदी के पवित्र सलिहाघाट से जल लाकर पंचमुखी महादेव में जल अर्पित किया और अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना की। मान्यता है कि सावन के अंतिम सोमवार को सच्चे मन से जल चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।सोमवार सुबह से ही सैकड़ों शिवभक्त, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग महानदी के सलिहाघाट पहुंचने लगे थे। वहां स्नान कर, कलश और कांवड़ में पवित्र जल भरकर, पैदल 8 किलोमीटर की दूरी तय कर भटगांव स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचे। पूरे रास्ते केसरिया



वस्त्र पहने, कांवड़ कंधे पर रखे, हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए भक्तों का जत्था देखते ही बन रहा था। कई जगह ग्रामीणों ने कांवड़ियों पर फूल बरसाए और शरबत और जगह जगह खीर पूरी एवं खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। जहां एक कांवड़िए सुरेन्द्र पटेल ने बताया कि हम हर साल सावन के अंतिम सोमवार को सलिहाघाट से जल लाते हैं। यह पुरानी परंपरा है। महानदी का जल सबसे पवित्र माना जाता है और पंचमुखी महादेव में इसे चढ़ाने से विशेष फल मिलता है। वहीं भोर 3 बजे से लगी भक्तों की लंबी कतारें के साथ पंचमुखी महादेव मंदिर में भीड़ का आलम यह था कि भोर 3 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई थीं।

# धान संग्रहण केंद्र का विधायक संदीप साहू ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

धान संग्रहण केंद्र का विधायक संदीप साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल अध्यक्ष दयाराम वर्मा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में धान की आवक, भंडारण व्यवस्था, उपलब्ध स्टॉक एवं रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान विधायक संदीप साहू एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने केंद्र में मौजूद कर्मचारियों तथा संबंधित अधिकारियों से धान की आवक, भंडारण क्षमता, उपलब्ध धान एवं रखरखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान के व्यवस्थित भंडारण के साथ किसानों से संबंधित सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

विधायक ने संग्रहण केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए धान के सुरक्षित एवं व्यवस्थित भंडारण पर जोर दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने की बात कही। इस अवसर पर विशाल खुसरो, गायत्री कैवर्तय, योगेश बंजारे, नीलू चंदन साहू, लक्ष्मी साहू, द्वारका निर्मलकर, चंदन साहू, जागेश्वर वर्मा, सूर्या यादव, लेखराम जायसवाल, अशोक पटेल, रुद्र शंकर कैवर्तय, चंद्र प्रकाश साहू, रमेश वैष्णव, निरेन्द्र छत्रीय, कमल पटेल, राम शंकर पटेल, जीतू धीवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत रविदास जयंती पर निकाली समरसता सद्भावना यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

संत रविदास महाराज की जयंती पर भाजपा मंडल कटगी द्वारा समरसता सद्भावना यात्रा निकाली गई। यात्रा कसडोल से निकलकर विभिन्न गांव के चौक चौराहो व देव स्थलों से होते हुए कटगी पहुंची। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता, सद्भाव, भाईचारे एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर संत रविदास जी के विचारों एवं उनके सामाजिक समरसता के संदेश को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया। संत रविदास जी का प्रसिद्ध संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी समाज को समानता, प्रेम, भाईचारे और सद्भावना की प्रेरणा देता है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल ने बताया कि उनके विचारों को अपनाकर ही समरस एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।




समरसता सद्भावना यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, मंडल महामंत्री संत राम वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजकुमार जायसवाल, महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष खिलेश्वरी थवाईत, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सतीश शर्मा, जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप, अजजा मोर्चा अध्यक्ष हिमाचल पैकरा, अपिव मोर्चा से विनोद देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा थवाईत सहित बड़ी संख्या में युवा साथी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय हैंडबॉल स्पर्धा में शिवानी का प्रदर्शन जारी

**भटगांव**। आत्मानंद विद्यालय भटगांव की छात्रा शिवानी हिरवानी का चयन राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 22 अगस्त से जांजगीर में जारी है।भटगांव हैंडबॉल टीम को प्रशिक्षित करने में कोच बाबा खान एवं टेक्निकल कोच लक्ष्मीकांत सोनी, शिक्षक सेजेस भटगांव की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों कोच खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, फिटनेस एवं खेल कौशल को निखारने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं।

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षक महेश गुप्ता को दी गई विदाई



**करहीबाजार**। पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओटेबंद में 15 वर्षों की सेवा देने के बाद वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार गुप्ता को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार ने विदाई दी। समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ ग्रामवासी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिक्षक महेश गुप्ता ने अपने सेवाकाल में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की शिक्षा देने के साथ ही अनुशासन, संस्कार, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी ज्ञान के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से श्री गुप्ता को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक शनि राम मरावी, संस्था प्रमुख कमल कुमार ध्रुव, शिक्षक संदीप सिंह रात्रे, भूषण लाल ध्रुव, प्रफुल्ल अवस्थी, नोखेलाल वर्मा, कौशल प्रसाद सेन, जितेन्द्र कुमार खूंटे, हीरालाल सोनसरे, नंदकुमार पटेल, हेमंत कुमार पटेल, शाला समिति सदस्य शत्रुहन यदु, शत्रुहन निषाद, कैलाश पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### तामकेश्वर महादेव की पूजा कर किया प्रसाद वितरण

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के तामकेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से भक्तगण पूजा अर्चना करते रहे हैं। सावन महीना के आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। जहां महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते दिखे। हेमू चंद्राकर, पन्नालाल बांध, झमन चन्द्राकर, हेमंत चन्द्राकर, रूपेश्वर बांध, भूषण चन्द्राकर, बड्डू चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, ज्योति धीवर, सभ्या धीवर, लतिका यादव, चन्द्राकर आदि ने शाम को श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

# तुलसीदास की रचनाओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम धोबनी में गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव थे। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक लखन लाल साहू, विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया एवं जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विधायक साव ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन व उनके साहित्यिक योगदान तथा समाज के प्रति उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी ने अपने साहित्य के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का महान कार्य किया। उन्होंने रामचरितमानस के माध्यम से सत्य, मर्यादा, त्याग, सेवा, करुणा, परोपकार और भाई चारे जैसे मानवीय मूल्यों को समाज के सामने रखा। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि समाज में प्रेम, सद्भाव और नैतिकता की स्थापना के लिए ज्ञान एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक ने कहा कि उनके द्वारा बताए आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। लखन लाल साहू ने कहा कि आसपास के लगभग 15 गांवों के लोग सामूहिक रूप से प्रतिवर्ष अलग-अलग गांवों में तुलसीदास की जयंती का आयोजन करते आ रहे हैं। इस अवसर पर सुरेश वर्मा, लखन, कोमल, श्याम लाल हीरालाल, भुवन, सत्यजीत, मुकेश, हितेश आदि उपस्थित थे।

## तुलसीदास के साहित्यिक योगदान को किया याद



### गांव के विकास के लिए हुई घोषणाएं

विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि गोस्वामी ने संस्कृत जैसी विद्वत भाषा में सीमित धार्मिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान को सरल अवधी भाषा में रामचरितमानस की रचना के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे ने कहा कि तुलसीदास के जीवन एवं उनके साहित्यिक योगदान पर चलने का आह्वान किया। समारोह के दौरान समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को विधायक साव के हाथों सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष साहू की मांग पर विधायक साव ने स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। वहीं जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे ने भी ग्राम विकास के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

## आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि पंजीयन में प्रगति लाने निर्देश

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान में पैजनी पहुंचे कलेक्टर, शिविर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत तहसील लवन के ग्राम पैजनी में आयोजित शिविर का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंजीयन में प्रगति लाने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिये।

कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना से छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को शतप्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद वंचित न रहे। इस शिविर क उद्देश्य है कि सभी 31 योजनाओं का संतृप्तिकरण हो। उन्होंने कहा कि शिविर के एक दिन पूर्व छूटे हुए हितग्राहियों से संपर्क कर शिविर की जानकारी दें और योजना क लाभ दिलाएं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से पटवारी,सचिव e2 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की नियमित उपस्थिति, पीडीएस दुकान, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूलों की जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक स्कूल पहुंच मार्ग मरम्मत एवं शौचालय की साफ-सफाई दुरस्त करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी मे दर्ज मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या तथा सुपोषित बचपन अभियान अंतर्गत पौष्टिक लड्डू वितरण की जानकारी ली। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने और नियमित लड्डू वितरण के निर्देश दिये। इसी तरह पीएम आवास निर्माण के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। बताया गया कि ग्राम में 248 आवास स्वीकृत है, जिसमें से 148 पूर्ण हो गये हैं।शिविर में 10 हितग्राहियों को जॉब कार्ड एवं पीएम आवास पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। वृद्धवस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं मोटराइज्ड ट्राइसिक के लिये तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोंड्रे सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छात्रों ने मनाय ग्रीन डे सेलिब्रेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

लोटस पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रीन डे सेलिब्रेशन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थी ग्रीन थीम पर आधारित वेशभूषा में शामिल हुए। बच्चों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ग्रीन डे के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ग्रीन थीम एवं पर्यावरण जागरूकता पर स्पीच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पेड़-पौधों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण एवं हरियाली संरक्षण के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए।

वहीं कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण एवं प्रकृति से संबंधित आकर्षक रंगोलियां बनाईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्टाफ द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरे विद्यालय परिसर में ग्रीन थीम के साथ उत्साह और पर्यावरण जागरूकता का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

# कॉलेज में नवप्रवेशित छात्रों के लिए हुआ इंडक्शन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, महाविद्यालयीन शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न विभागों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध योजनाओं एवं गतिविधियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के बदलते स्वरूप, कौशल विकास, बहुविषयक शिक्षा तथा विद्यार्थी-केंद्रित अध्ययन व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी वाणिज्य संकायाध्यक्ष रचना मिश्रा द्वारा प्रदान की गई।

एन ई पी नोडल अधिकारी डॉ बाल्मीकि साहू छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए सेमेस्टर प्रणाली, पाठ्यक्रम, प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा, डिग्री, ऑनर्स, परीक्षा पद्धति एवं ऑनलाइन पोर्टल मूक, स्वयं, दीक्षा आदि से कोर्स कर अर्जित किए जाने वाले क्रेडिट अंक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। एनईपी एंबेसेडर अरीबा अली ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में भाग लेने के लिए ही 75 प्रतिशत उपस्थिति जरूरी नहीं है, अपितु ज्ञानार्जन के लिए भी जरूरी है। अध्ययन और विषय चयन हेतु आप लोगों को सजग रहना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आपको अलग अलग स्तर पर अपनी क्षमता, रुचि और कैरियर को ध्यान में रखकर विषय चयन की स्वतंत्रता महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर प्रदान करती है।

# बिलाईगढ़ में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़





यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का शुभारंभ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, विधायक कविता प्राण लहरे और संजय भूषण पांडये ने फीता काटकर किया। इस पोषण पुनर्वास केंद्र में जिले के कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उनका उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा।

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के तीनों विकासखंडों में 10-10 बिस्तर के पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस तरह जिले में कुल 30 बिस्तरों की एनआरसी केंद्र की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

**बिलाईगढ़ क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा सीधा लाभः** बिलाईगढ़ में एनआरसी शुरू होने से क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर उपचार, पौष्टिक आहार और नियमित निगरानी की सुविधा मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने और कुपोषण की दर कम करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में एसडीएम प्रफुल्ल रजक, गणमान्य नागरिक ज्योति लाल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 15 दिनों तक विशेषज्ञों की निगरानी में होगा उपचार

सीएमएचओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को लगभग 15 दिनों तक भर्ती रखकर उपचार एवं पोषण संबंधी देखभाल की जाएगी। इस दौरान बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें पौष्टिक आहार दिया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार के लिए स्वास्थ्यकर्मी लगातार निगरानी करेंगे। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें यहां लाकर निःशुल्क उपचार एवं पोषण की सुविधा दी जाएगी। जिला अस्पताल तक दूर- दराज के क्षेत्रों से कुपोषित बच्चों को लाना कई बार कठिन होता था।

## पेज 9 के शेष

### पुरानी रंजिश में...

296, 115(2), 351(2), 318(1) बीएनएस तथा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में हिंसा, गुंडागर्दी और धारदार हथियारों से अपराध करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

### कपड़ा दुकान में...

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोमवार की सुबह अचानक महामाया वस्त्रालय से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें दुकान की पहली मंजिल से होते हुए दूसरी मंजिल और गोदाम तक पहुंच गईं। व्यस्त इलाके में कपड़े की दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी।

### 102 पौवा शराब...

स्थानों पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में जिला अस्पताल के सामने ठेले से योगेश सायर 32 निवासी अटल आवास को पकड़ा गया। उसके कब्जे से रोमियो और शोले ब्रांड की 35 पौवा देशी मसाला शराब 6.300 लीटर कीमत 3,500 रुपए जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई में जिला अस्पताल के पास लक्की होटल से पंचशील नगर निवासी गजाधर प्रसाद कुर्रे 50 को अवैध शराब बिक्री के लिए शराब रखने के आरोप में पकड़ा गया। उसके कब्जे से शोले ब्रांड की 34 पौवा शराब कुल 6.120 बल्क लीटर 3,400 रुपए जब्त हुई।

### नाबालिग का पीछा...

-जाने के दौरान लगातार पीछा करता था। बातचीत नहीं करने की बात को लेकर आरोपी ने उसे बदनाम करने की नीयत से उसकी फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी और सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करने लगा। शिकायत मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 78, 79 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत मामला कायम कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी गजेंद्र डांडे 19 वर्ष पिता अशोक डांडे, निवासी ग्राम गैतरा, थाना सिटी कोतवाली को 23 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### फरार आरोपियों के...

से उनके रवाना होने की निगरानी का कार्य करते हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी सतर्कता और सूझबूझ से गंभीर अपराधों में शामिल कुछ आरोपियों की पहचान की, जो बसों के माध्यम से बलौदाबाजार से रायपुर, महासमुंद सहित आसपास के सरहदी जिलों की ओर फरार होने का प्रयास कर रहे थे। संतोष यादव ने संदिग्ध आरोपियों के संबंध में सटीक जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराई। इससे पुलिस को फरार आरोपियों तक पहुंचने और उन्हें गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण मदद मिली। उनके सहयोग से पुलिस की कार्रवाई को गति मिली और आरोपियों की धरपकड़ संभव हो सकी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि अपराध नियंत्रण और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सजग एवं जिम्मेदार नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। संतोष यादव ने जिस दायित्वबोध और सहयोगात्मक रवैये का परिचय दिया है, वह अन्य नागरिकों के लिए भी प्रेरणादायी है।पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों अथवा अपराधियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराएं। नागरिकों के सहयोग से अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी में पुलिस को प्रभावी मदद मिल सकती है।

### पीएमश्री स्कूल के...

यह उपलब्धि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। हमें विश्वास है कि सलमान राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है और यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### धोबी समाज की...

निर्मलकर, दंनजय राकेश निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर, नरेंद्र चौधरी, महेश निर्मलकर, पोषन निर्मलकर, हरि निर्मलकर, पीयूष निर्मलकर, मोहित रजक, ठाकुरराम निर्मलकर, रामबहोरिक निर्मलकर, त्रिलोक निर्मलकर, योगेश निर्मलकर सहित सभी संभाग से पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे।



## खबर संक्षेप



### सिंधु महिला मंडल ने मनाया सावन महोत्सव

**भाटापारा।** सिंधु महिला मंडल द्वारा सावन तीज महोत्सव का आयोजन स्थानीय बालाजी हाल में किया गया। सर्वप्रथम डॉ. सरला निहलानी, अंजू सहेता, रीमा बत्रा, सुनीता दावानी, सोनिया बालानी शामिल हुए। इस दौरान सावन व भगवान भोलेनाथ पर प्रशनोत्तरी उसके पश्चात तम्बोला और म्यूजिकल गेम्स का आयोजन हुआ। विभिन्न गेम्स में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए पुरस्कार प्राप्त किये एवं इस तरह के कार्यक्रमों के लिए आयोजकों की सरहाना करते उन्हें भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहने पर जोर दिया, जिसमें समाज की समस्त महिलाओं की भागीदारी हो रही है। विभिन्न श्रेणी में सावन क्वीन का पुरस्कार भी दिया गया।

### महतारी वंदन की राशि से बहनें खरीदेगी भाइयों के लिए राखी

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी की रहने वाली चमेली निषाद के लिए इस बार का रक्षाबंधन कुछ



खास है। महतारी वंदन योजना की 30वीं किश्त की राशि मिलने से चमेली के चेहरे पर खुशी है। वह कहती हैं कि इस बार रक्षाबंधन पर भाई के लिए राखी खरीदने के लिए किसी से उधार नहीं लेना पड़ेगा। पहले आर्थिक तंगी के कारण त्योहार मनाने के लिए भी उधार लेना पड़ता था लेकिन अब हर महीने मिलने वाली सहायता से उन्हें अपने परिवार की छोटी बड़ी जरूरतें पूरी करने में सहारा मिल रहा है। दो बेटों की मां चमेली ने बताया कि अपने परिवार के साथ मेहनत-मजदूरी और समूह से जुड़कर काम करती हैं।

# रेयांश 2.0 - ज्ञान का प्रकाश शिक्षक प्रशिक्षण का समापन, शिक्षकों को अपडेट रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अशासकीय विद्यालय संचालक कल्याण समिति के तत्वावधान में 'रेयांश 2.0 – ज्ञान का प्रकाश' शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गजानन अग्रवाल महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के शिक्षक, विद्यालय संचालक एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश साह प्रशिक्षक व संचालक छत्रपति शिवाजी स्कूल रायपुर ने की। वहीं समापन सत्र में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व जीएनए कॉलेज के अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीणिक गोलछा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम संचालन सौरभ दुबे व सचिव शशिकांत साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने शिक्षकों एवं विद्यालय संचालकों को सदैव तैयार एवं अपडेट रहने का संदेश देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक को लगातार सीखते रहना चाहिए।

तृतीय वक्ता पूजा प्रधान, करियर काउंसलर एवं टीचर ट्रेनर ने चाइल्ड साइकोलॉजी विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। चतुर्थ वक्ता अमित सोनी, डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, एपेक्स स्कूल, कोटा बिलासपुर ने छात्र-छात्राओं को प्रभावी ढंग से अंग्रेजी सिखाने के विषय पर प्रशिक्षण दिया।

## निजी विद्यालयों के शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण, शिक्षा में निरंतर सीखने पर जोर



### चार विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने दिया विशेष प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के प्रथम वक्ता मुकेश साह ने लगभग दो घंटे के प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों को कक्षा-कक्ष की बारीकियों, प्रभावी अध्यापन पद्धति तथा शिक्षक-छात्र संबंधों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। द्वितीय वक्ता अवधेश पटेल, नेशनल मेमोरी ट्रेनर एवं संचालक, समाधान कॉलेज, बेमेतरा ने मेमोरी शार्पनिंग एवं बेहतर शिक्षण विषय पर अपने विचार रखे।

### प्रतिभाओं एवं शिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न निजी विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण देने वाले अतिथियों एवं प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन तथा शशिकांत साहू अशोक साहू दामाखेड़ा आकाश सोनी ढेकुना मार्गदर्शक डॉक्टर बी राघव राव सविता मानिकपुरी अरुणा शुक्ला भुनेश साहू आदर्श नौरंगे रोहित गुप्ता अखिल त्रिवेदी रोहरा भुनेशवर ठाकुर अमित यादव एवं उनकी पूरी टीम के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## समस्या : बारिश में राहगीरों को और अधिक होती है परेशानी

# बलौदाबाजार-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढे, चार किमी सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



बलौदा बाजार से बिलासपुर जाने वाले एकमात्र प्रमुख मार्ग पर करही मैकरी चौक से शिवनाथ नदी तक करीब चार किलोमीटर सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह तीन से चार फीट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं हो पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ गया है। छोटी कारों और दोपहिया वाहनों के लिए इस मार्ग से सुरक्षित आवागमन करना मुश्किल हो गया है।

बलौदा बाजार के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग केवल बलौदाबाजार और बिलासपुर को जोड़ने वाला रास्ता नहीं है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। बिलासपुर में उच्च न्यायालय के साथ-साथ प्रमुख व्यापारिक एवं शैक्षणिक संस्थान होने के कारण बलौदा बाजार जिले से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन बिलासपुर आते-जाते हैं।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्रमुख शहरों की ओर आवागमन के लिए भी बिलासपुर महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में इस मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बना रहता है। सड़क की वर्तमान स्थिति के कारण वाहन चालकों को गड्ढों से बचकर निकलने के लिए बार-बार वाहन की दिशा बदलनी पड़ती है। इससे आमने-सामने से आने वाले वाहनों के बीच टक्कर की आशंका भी बनी रहती है।

अधिवक्ता श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि सड़क की बदहाल स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। गहरे गड्ढों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल मौके का निरीक्षण कर सड़क के गड्ढों को भरने के साथ ही जर्जर हिस्से का आवश्यक मरम्मत कार्य कराने की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों ने भी मार्ग की शीघ्र मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पेंशनधारी संघ ने मेधावी छात्रों का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पेंशनर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक अध्यक्षता अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालयों के टॉपर छात्र-छात्राओं का सम्मान था जिसमें अतिथियों के कर कमलों से चुने हुए विद्यालयों के 40 छात्र छात्राओं का प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, कॉपी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया मोहनलाल वर्मा एवं उनकी पत्नी पद्मिनी वर्मा ने अपने स्व० पुत्र यशवंत वर्मा की स्मृति में दसवीं बोर्ड के टॉपर कुमारी अनम फातिमा एवं 12वीं के टॉपर कुमारी गौरी त्रिवेदी का प्रतीक चिन्ह एवं 5000 की नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया। रघुनाथ प्रसाद पटेल ने प्रेरणागीत एवं भजन प्रस्तुत किया। अश्वनी शर्मा ने पेंशनरों द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का इस प्रकार बृहद आयोजन में शामिल पालक की प्रशंसा की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि कमल नारायण यदु, प्रकाश जाधव एवं सेवाराम वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने तथा आभार रमेश कुमार वर्मा ने किया।

### विधायक निधि से बने भवन के विस्तार के लिए सौंपा ज्ञापन

विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल नारायण यदु, प्रकाश जाधव एवं सेवाराम वर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भवन में स्थापित बजरंगबली एवं मां शारदे की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने संघ द्वारा वर्षभर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, भवन से लेकर अन्य सामग्रियों की उपलब्धता एवं उनके दानदाताओं, सहयोग कर्ताओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया, जिसमें शिवरतन शर्मा द्वारा अपने विधायक निधि से प्रदत्त आलीशान सर्व सुविधा युक्त भवन का उल्लेख प्रमुख है। शिवरतन शर्मा एवं अश्वनी शर्मा के समक्ष पेंशनर भवन के सामने तरफ भवन विस्तार निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने हेतु ज्ञापन भी सौंपा।



# शिवमहापुराण कथा के समापन पर हुआ यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हिरमी स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में शिव भक्तों द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी गईं। कथा वाचिका राधिका किशोरी ने प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को जालंधर वध एवं महिषासुर वध की कथा सुनाई। कथा के प्रसंगों को उन्होंने सरल एवं भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा और उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बालाजी मंदिर प्रांगण पहुंचे और शिवमहापुराण कथा का श्रवण किया। समापन दिवस पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूर्णाहुति संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन ने हिरमी क्षेत्र में भक्ति, आध्यात्मिकता, संस्कार और सामाजिक सद्भाव का वातावरण निर्मित किया। आयोजन समिति एवं शिव भक्तों ने कथा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।




# साइबर जागरूकता और नशा मुक्ति के प्रति छात्र हुए जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी में साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। पलारी थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा नशे के दुष्परिणामों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। इसके साथ ही थाना प्रभारी परिवेश तिवारी एवं ग्रामीणों की सहभागिता से पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधे रोपे। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रवि शंकर वर्मा, एस एम सी अध्यक्ष कांति चक्रधारी, विज्ञान क्लब प्रभारी भारती साहू, इको क्लब प्रभारी सुश्री गौरी भारद्वाज, क्रांति कौशिक सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य रोमेश चंद्र खोटे के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से सावधान रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# इतवारी राम स्कूल में तिरंगा झंडा पर मानक लेखन स्पर्धा



**भाटापारा।** इतवारी राम यादव बहु. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के तहत मानक क्लब कार्यरत है। स्कूल में मानक क्लब से जलज सिंह द्वारा मानक का एक सत्र दिया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न मानकों के बारे में जाना और बारीकियां को समझा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र और उनके अभिभावक में भारतीय मानक ब्यूरो और विभिन्न उत्पाद के मानकों के प्रति जागरूकता लाना है। इसके पश्चात मानक लेखन प्रतियोगिता विषय भारतीय तिरंगा झंडा का आयोजन किया गया। लेखन प्रतियोगिता में स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र राहुल कुमार ध्रुव प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान राहुल कुमार साहू कक्षा 11वीं, तृतीय स्थान करण ध्रुव कक्षा 10वीं और सांत्वना पुरस्कार कृतिक मिरी कक्षा 10वीं को प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा के द्वारा नगद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में मानक ब्यूरो के मेंटर कैलाश साहू, वरिष्ठ व्याख्याता पीआर शर्मा, केके यादव, डीपी साहू, व्याख्याता एस कंवर, एस बंसल, सुश्री जे. लकड़ा, कुसुम सिंह और स्कूल के स्टाफ उपस्थित थे।

